# स्थानीय युवा सर्वेयर संगठन मध्यप्रदेश

प्रति,

श्रीमान अनुभागीय अधिकारी/तहसीलदार महोदय जी

तहसील पनागर जिला जबलपुर मध्य प्रदेश

विषय - सर्वेयरों की माँग पूरी कराने बावत।

// ज्ञापन //

विषयान्तर्गत विनम्र निवेदन है कि राजस्व विभाग द्वारा हम सभी सर्वेयर की नियुक्ति फसल गिरदावली डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य हेतु प्रत्येक पटवारी हक्का ग्राम में जुलाई माह 2024 में ऑनलाइन पोर्टल द्वारा हुई थी हम सभी सर्वेयर साथियों ने शासन द्वारा प्रदाय कार्य विकट स्थितियों के बावजूद पूरी ईमानदारी और लगन से किया और वर्तमान में शासन द्वारा प्रदाय कार्य फार्मर आईडी बनाने में पूरी ईमानदारी से किया जिसका सर्वेयर को आज तक कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ।

निवेदन है कि तत्काल भुगतान किया जाए एवं हमारे विभिन्न माँगो को पूरा किया जाए ताकि किसानों के कार्य समय पर पूर्ण हो जाएं और विभिन्न परेशानियों (जैसे रजिस्ट्रेशन, गिरदावरी राजस्व के कार्य) से बचा जा सके।

सर्वेयरों की विभिन्न माँगे –

(1) सर्वेयरों को नियमित किया जावे और मासिक मानदेय प्रदान किया जाए ।
(2) सर्वेयरों को बीमा एवं सुरक्षा किट प्रदान किया जाए ।
(3) सर्वेयर को ID कार्ड प्रदान किया जाए।
(4) धान गेहूं एवं उड़द एवं फार्मर रजिस्ट्री का भुगतान करवाया जाए ।
(5) लोकल यूथ को राजस्व सहायक का दर्जा दिया जाए।

अतः माननीय महोदय जी से निवेदन है कि हमारी निम्नलिखित माँगो पर तत्काल कार्यवाही कर हमारी माँगो को पूरा कराने की दया करें।

पनागर

ज्ञापन दिनांक 25/08/25

सभी सर्वेयर